# NEERAJ®

# राष्ट्रीय आय लेखांकन

## ( National Income Accounting )

*By:*
*Vaishali Gupta* M.Com.

***Reference Book***
*Including*
Solved Question Papers

New Edition

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*( Publishers of Educational Books )*
( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )
**1507, Ist Floor, NAI SARAK, DELHI - 110006**
**Ph.: 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501**
***E-mail:*** **info@neerajignoubooks.com**
***Website:*** **www.neerajignoubooks.com**

*Price* ₹ 160/-

**Published by:**

**NEERAJ PUBLICATIONS**

Admn. Office : **Delhi-110007**

Sales Office : **1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi-110 006**

*E-mail*: **info@neerajignoubooks.com** *Website*: **www.neerajignoubooks.com**

| Reprint Edition | Typesetting by: Competent Computers | Printed at: Novelty Printer |
|---|---|---|

**Notes:**

1. *For the best & upto-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board /University.*
3. *The information and data etc. given in this Book are from the best of the data arranged by the Author, but for the complete and upto-date information and data etc. see the Govt. of India Publications/textbooks recommended by the Board/University.*
4. *Publisher is not responsible for any omission or error though every care has been taken while preparing, printing, composing and proof reading of the Book. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading etc. are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. If any reader is not satisfied, then he is requested not to buy this book.*
5. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
6. *If anyone finds any mistake or error in this Book, he is requested to inform the Publisher, so that the same could be rectified and he would be provided the rectified Book free of cost.*
7. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
8. *Question Paper and their answers given in this Book provide you just the approximate pattern of the actual paper and is prepared based on the memory only. However, the actual Question Paper might somewhat vary in its contents, distribution of marks and their level of difficulty.*
9. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS/NEERAJ IGNOU BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" on Websites, Web Portals, Online Shopping Sites, like Amazon, Flipkart, Ebay, Snapdeal, etc. is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ IGNOU BOOKS/NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
10. *Subject to Delhi Jurisdiction only.*

**© Reserved with the Publishers only.**

***Spl. Note:*** *This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*

## *How to get Books by Post (V.P.P.)?*

*If you want to Buy NEERAJ IGNOU BOOKS by Post (V.P.P.), then please order your complete requirement at our Website **www.neerajignoubooks.com**. You may also avail the 'Special Discount Offers' prevailing at that Particular Time ( Time of Your Order).*

*To have a look at the Details of the Course, Name of the Books, Printed Price & the Cover Pages (Titles) of our NEERAJ IGNOU BOOKS You may Visit/Surf our website **www.neerajignoubooks.com.***

*No Need To Pay In Advance, the Books Shall be Sent to you Through V.P.P. Post Parcel. All The Payment including the Price of the Books & the Postal Charges etc. are to be Paid to the Postman or to your Post Office at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us by Charging some extra M.O. Charges.*

*We usually dispatch the books nearly within 4-5 days after we receive your order and it takes Nearly 5 days in the postal service to reach your Destination (In total it take atleast 10 days).*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

(Publishers of Educational Books)

( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )

***1507, 1st Floor, NAI SARAK, DELHI - 110006***

***Ph. 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501***

*E-mail:* **info@neerajignoubooks.com** *Website:* **www.neerajignoubooks.com**

# CONTENTS

## राष्ट्रीय आय लेखांकन
### ( National Income Accounting )


| | |
|---|---|
| *Question Paper—June, 2018 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2017 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2016 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2015 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2014 (Solved)* | 1-4 |
| *Question Paper—June, 2013 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2012 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2011 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2010 (Solved)* | 1-2 |

| *S.No.* | *Chapter* | *Page* |
|---|---|---|
| | **राष्ट्रीय आय लेखांकन का परिचय ( Introduction to National Income Accounting )** | |
| **1.** | राष्ट्रीय आय तथा अर्थव्यवस्था ( National Income and Economy ) | **1** |
| **2.** | आय का चक्रीय प्रवाह ( Circular Flow of Income ) | **5** |
| **3.** | उत्पादन प्रक्रिया ( Production Process ) | **11** |
| | **राष्ट्रीय आय लेखांकन से जुड़े कुछ संप्रत्यय ( Some Concepts Concerned with National Income Accounting )** | |
| **4.** | राष्ट्रीय आय का संप्रत्यय तथा मापन ( Concept and Measurement of National Income ) | **16** |
| **5.** | व्यययोग्य आय पूर्णयोग ( Disposable Aggregates of Income ) | **24** |
| **6.** | राष्ट्रीय पूँजी ( National Capital ) | **30** |
| | **राष्ट्रीय आय लेखांकन का विकास तथा उपयोग ( Utility and Development of National Income Accounting )** | |
| **7.** | राष्ट्रीय आय लेखांकन का विकास (भारत के विशेष संदर्भ सहित) ( Development of National Income Accounting with Special Reference of India ) | **35** |
| **8.** | राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकीय के अनुप्रयोग ( Applications of National Income Statistics ) | **40** |
| | **आर्थिक नीति तथा राष्ट्रीय आय लेखांकन ( Economic Policy and National Income Accounting )** | |
| **9.** | विभागीय निवेश ( Departmental Investments ) | **43** |
| **10.** | अर्थव्यवस्था में उपभोग तथा बचत व्यवहार ( Consumption and Savings Behaviour in the Economy ) | **48** |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| 11. | अर्थव्यवस्था में निधियों का प्रवाह ( Flow of Hoardings in Economy ) | 54 |
| 12. | निवेश ( Investment ) | 60 |
| | **आर्थिक लेनदेनों का वर्गीकरण ( Classification of Economic Transactions )** | |
| 13. | आर्थिक लेनदेनों तथा लेनदेनकर्त्ताओं का वर्गीकरण ( Classification of Economic Transactions and Transactors ) | 65 |
| 14. | राष्ट्रीय लेखा प्रणाली ( System of National Accounts ) | 71 |
| 15. | राष्ट्र के एकीकृत लेखा : मौलिक रूपरेखा ( National Consolidated Accounts: The Basic Framework ) | 75 |
| | **भारत में राष्ट्रीय आय लेखाकंन ( National Income Accounting in India )** | |
| 16. | राष्ट्रीय आय सांख्यिकी की सैद्धांतिक विधि ( Methodology of National Income Statistics ) | 81 |
| 17. | भारत में राष्ट्रीय आय तथा संबंधित पूर्णयोगों के अनुमान हेतु आँकड़ों के स्रोत ( Sources of Data for Estimation of National Income and Aggregates ) | 85 |
| | **आर्थिक विकास तथा राष्ट्रीय आय लेखांकन ( Economic Development and National Income Accounting )** | |
| 18. | राष्ट्रीय आय में सार्वजनिक क्षेत्र की भूमिका एवं योगदान ( Role and Contribution of Public Sector in National Income ) | 89 |
| 19. | सामाजिक क्षेत्र तथा राष्ट्रीय आय लेखा ( Social Sector and National Income Accounting ) | 94 |
| 20. | सेवा क्षेत्र तथा राष्ट्रीय आय लेखा ( Service Sector and National Income Accounting ) | 98 |
| | **राष्ट्रीय आय, आर्थिक कल्याण तथा सामाजिक विकास ( National Income, Economic Welfare and Social Development )** | |
| 21. | राष्ट्रीय आय तथा आर्थिक कल्याण ( National Income and Economic Welfare ) | 103 |
| 22. | सामाजिक विकास के वैकल्पिक नवीन संकेतक ( Recent Alternate Indicators of Social Development ) | 108 |
| | **नवीन मुद्दे ( New Issues )** | |
| 23. | राष्ट्रीय लेखा तथा पर्यावरण ( National Accounts and Environment ) | 115 |
| 24. | राष्ट्रीय लेखाओं के विश्लेषण तथा प्रस्तुतीकरण में नवीन परिवर्तन ( New Changes in Analysis and Presentation of National Accounts ) | 120 |

# Sample Preview
# of the
# Solved
# Sample Question
# Papers

*Published by:*


NEERAJ
PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

**(June – 2018)**

**(Solved)**

## राष्ट्रीय आय लेखांकन

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*
*(भारिता 70%)*

***नोट :*** *प्रत्येक खण्ड से निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

### खण्ड – क
### (दीर्घ-उत्तर प्रश्न)

**इस खंड से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**प्रश्न 1. राष्ट्रीय आय आकलित करने की मूल्य संवर्धित तकनीक का वर्णन कीजिए। उचित उदाहरण देते हुए, दर्शाइए कि मूल्य संवर्धित विधि का मुख्य रूप से प्रयोग किस क्षेत्र में किया जाता है?**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-4, पृष्ठ-19, 'उत्पादन (या मूल्य वृद्धि विधि)', पृष्ठ-23 प्रश्न 6

**प्रश्न 2. पर्यावरणीय लेखाकरण से आप क्या समझते हैं? इसके मुख्य उद्देश्य क्या हैं? पर्यावरणीय लेखाकरण से संबंधित मुख्य दृष्टिकोण कौन-से हैं?**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-23, पृष्ठ-116, 'परिचय', 'पर्यावरण और लेखा', पृष्ठ-119, प्रश्न 5 और प्रश्न 6

**प्रश्न 3. आर्थिक कल्याण क्या है? आप इसे कैसे मापते हैं? आर्थिक कल्याण को मापने में मानव विकास सूचकांक कैसे सहायक होता है?**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-22, पृष्ठ-108, 'निवल आर्थिक कल्याण'

**इसे भी देखें**–कुछ विद्वानों के अनुसार आर्थिक कल्याण ही आर्थिक विकास का सर्वोत्तम मापदंड हो सकता है। आर्थिक कल्याण का विचार करते समय हम केवल यह नहीं देखते कि क्या और कितना उत्पाद किया जा रहा है, बल्कि इसके अंतर्गत यह भी देखेंगे कि किस प्रकार पैदा किया जा रहा है तथा इसका बंटवारा किस-किस प्रकार हो रहा है। आर्थिक कल्याण में इस बात का ध्यान भी रखना होगा कि देश में जिन-जिन वस्तुओं का उत्पादन किया जा रहा है, उनका तुलनात्मक महत्त्व कितना है? इस प्रकार इसमें हमें मूल्यात्कम निर्णय लेने होंगे। इसी तरह उत्पादन की सामाजिक लागत का भी विचार करना होगा। यद्यपि आर्थिक कल्याण का मापदंड विकास का अधिक उपयुक्त मापदंड है किन्तु फिर भी अभी तक अर्थशास्त्रियों ने इसका व्यवहार में प्रयोग नहीं किया है। इसका कारण उन्होंने बताया है कि मूल्यात्मक निर्णय, न्यायपूर्ण वितरण, सामाजिक लागत आदि ऐसी बातें हैं जिनकी व्यवहार में गणना करना कठिन है।

**संदर्भ**–देखें अध्याय-22, पृष्ठ-110, 'मानव विकास सूचकांक'

**प्रश्न 4. आर्थिक विकास में सेवाओं का महत्त्व क्या है? भारत में जी.डी.पी. के संबंध में आप बैंकिंग और बीमा के योगदानों का आकलन कैसे करेंगे?**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-20, पृष्ठ-100, 'आर्थिक विकास में सेवाओं का महत्त्व', पृष्ठ-99, 'बैंकिंग और बीमा'

**इसे भी देखें**–मजबूत बैंकिंग और बीमा क्षेत्र के भरोसे पर भारत आज विश्व की सबसे आकर्षक अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। KPMG-C11 की एक संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार 2020 तक भारत के विश्व भर में पांचवां सबसे बड़ा क्षेत्र बनने का अनुमान है। रिपोर्ट में यह भी आशा जताई गई है कि बैंक ऋण के बेहतर माध्यम से मध्यम अवधि में 17 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ने की उम्मीद है। देश में जीवन बीमा कंपनियों के उद्योग संगठन जीवन बीमा परिषद ने भी वित्तीय सेवा क्षेत्र के लिए अगले कुछ वर्षों में 12-15 फीसदी की सी.ए.जी.आर. (CAGR) का अनुमान व्यक्त किया है।

### खण्ड – ख
### (मध्यम-उत्तर प्रश्न)

**इस खंड से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**प्रश्न 5. निवेश क्या है? निवेश को आप कैसे मापते हैं? सकल और निवल निवेश के अंतर को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-12, पृष्ठ-63, प्रश्न 1, पृष्ठ-62, 'भारत में निवेश का मूल्यानुमान'

www.neerajbooks.com



**प्रश्न 6. निवल (अवशिष्ट) आय की परिभाषा दीजिए। सकल राष्ट्रीय निवल आय का परिकलन आप कैसे करते हैं?**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-5, पृष्ठ-25, 'प्रयोज्य आय की अवधारणा', 'राष्ट्रीय प्रयोज्य आय'

**प्रश्न 7. भारत के प्राथमिक और तृतीयक क्षेत्रों में राष्ट्रीय आय के आकलन के विविध आंकड़ा-स्रोत कौन-से हैं?**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-17, पृष्ठ-85, 'कृषि एवं संबंद्ध गतिविधियाँ', 'वानिकी', 'मछली पालन बिजली, 'गैस तथा जल आपूर्ति', 'व्यापार होटल और रेस्टोरेंट', 'परिवहन, भंडारण एवं संचार', 'बैंक एवं बीमा', जमीन जायदाद एवं (रिहायशी) स्वामित्व', 'अन्य सेवाएँ '

**प्रश्न 8. जीवन सूचकांक की भौतिक गुणवत्ता (पी.क्यू. एल.आई.) की संकल्पना का वर्णन कीजिए। इस सूचकांक की प्रभाविता का मूल्यांकन विकास के एक पैमाने के रूप में कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-22, पृष्ठ-109, 'जीवन की मौद्रिक गुणवत्ता का सूचकांक', पृष्ठ-113, प्रश्न 3 और प्रश्न 4

**प्रश्न 9. भारत में राष्ट्रीय आय के परिकलन के समय कौन-सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है?**

**उत्तर**–किसी देश की राष्ट्रीय आय को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ये कठिनाइयां एवं जटिलताएं इसलिए उत्पन्न होती हैं, क्योंकि अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के बारे में विश्वसनीय आंकड़ों का पूर्ण अभाव होता है या फिर ये केवल आंशिक रूप से ही उपलब्ध होते हैं। इन समस्याओं का अन्य कारण यह भी है कि कार्य को सम्पन्न करने वाली संस्थाओं को राष्ट्रीय लेखा निधियों का ज्ञान सही प्रकार से नहीं होता। राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाते समय इन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ये कठिनाइयाँ सांख्यिकीय एवं अवधारणात्मक दोनों प्रकार की हैं–

1. कई बार उपलब्ध आंकड़े केवल अपर्याप्त ही नहीं बल्कि अविश्वसनीय भी होते हैं। उदाहरण के तौर पर भारतीय कृषि में उत्पादन लागतों से संबंधित विश्वसनीय अनुमानों का अभाव है। लघु एवं मध्यम वर्गीय उद्योगों से संबंधित आंकड़े भी अपर्याप्त हैं।

2. भारत जैसे विकासशील देश में गैर-विमुद्रित खण्ड के कारण भी राष्ट्रीय आय की संगणना में कठिनाइयां उत्पन्न होती हैं। जैसा कि विदित है कृषि उत्पादन का ज्यादातर भाग का या तो कृषक स्वयं उपभोग कर लेता है या गांवों में अन्य वस्तुओं एवं सेवाओं के साथ उनका विनिमय कर लेते हैं, जिससे राष्ट्रीय आय की सही गणना नहीं हो पाती।

3. ज्यादातर छोटे उत्पादक अशिक्षित एवं अनपढ़ होते हैं तथा वे अपने उत्पाद की सही मात्रा या मूल्य का विवरण देने में असमर्थ होते हैं।

4. हमारे देश में लोगों में पेशेवर विशेषज्ञता का अभाव होता है। अनेक व्यक्ति अपनी आजीविका कमाने हेतु एक से अधिक धंधे करते हैं अत: उनकी आय के बारे में सूचनाएं एकत्रित करना कठिन हो जाता है।

**प्रश्न 10. भारत में राष्ट्रीय आय आकलन की व्यय विधि का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-4, पृष्ठ-21, 'व्यय विधि'

## खण्ड – ग

## (लघु-उत्तर प्रश्न)

**प्रश्न 11. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर परिकल्पना कीजिए–**

***(a)* अंतरण अदायगी**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-5, पृष्ठ-24, 'हस्तांतरण की अवधारणा'

***(b)* सार्वजनिक उद्यम**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-18, पृष्ठ-92, प्रश्न 4

***(c)* पंजीकृत विनिर्माण**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-16, पृष्ठ-81, 'पंजीकृत विनिर्माण'

***(d)* मध्यवर्ती वस्तुएं**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-3, पृष्ठ-15, प्रश्न 4

***(e)* गैर-वित्तीय प्रवाह**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-11, पृष्ठ-54, 'गैर वित्तीय प्रवाह'

■■

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

NEERAJ
PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# राष्ट्रीय आय लेखांकन

# ( NATIONAL INCOME ACCOUNTING )

## राष्ट्रीय आय लेखांकन का परिचय
*( INTRODUCTION TO NATIONAL INCOME ACCOUNTING )*

## राष्ट्रीय आय तथा अर्थव्यवस्था
**( National Income and Economy )**

1

### परिचय

एक अर्थव्यवस्था से तात्पर्य उस देश में होने वाली आर्थिक गतिविधियों से है। अत: किसी देश की अर्थव्यवस्था का अध्ययन उस अर्थव्यवस्था में होने वाले उत्पादन, उपभोग तथा निवेश का अध्ययन है। अर्थव्यवस्था के अध्ययन में राष्ट्रीय आय के आँकड़ों का भी महत्त्वपूर्ण स्थान है। राष्ट्रीय आय किसी देश के निवासियों को प्राप्त साधन आयों का जोड़ है। राष्ट्रीय आय मापन में तीन विधियों का प्रयोग किया जाता है–आय विधि, व्यय विधि तथा उत्पादन विधि।

एक अर्थव्यवस्था का क्या अर्थ है तथा इसमें राष्ट्रीय आय का अध्ययन करना क्यों आवश्यक है, इस अध्याय में इस विषय पर चर्चा की गई है। इस विषय को समझने से पूर्व राष्ट्रीय आय तथा अर्थव्यवस्था की अवधारणा को समझना जरूरी है। इन अवधारणाओं का प्रयोग सरकार अपने आर्थिक नीति संबंधी वक्तव्यों में करती हैं। इन विषयों पर भी अध्याय में चर्चा की गई है।

### अध्याय का विहंगावलोकन

#### अर्थव्यवस्था का अर्थ

एक अर्थव्यवस्था से अर्थ उस देश के आर्थिक पहलुओं से लिया जाता है। किसी देश में रहने वाले व्यक्ति तीन प्रकार की क्रियाएँ करते हैं–उत्पादन, उपभोग एवं निवेश यानी किसी अर्थव्यवस्था का अध्ययन करने का अर्थ होगा उस अर्थव्यवस्था में होने वाले उत्पादन, उपभोग और निवेश का अध्ययन करना। अर्थव्यवस्था किसी प्रदेश, देश या विश्व की हो सकती है। खेतों, कारखानों, बैंकों, अस्पतालों, स्कूलो-कॉलिजों, रेलवे, एयरलाइन, जलयान, सरकारी दफ्तर, धर्मार्थ संस्थाएँ आदि उत्पादन इकाइयाँ कहलाती हैं, जहाँ विभिन्न उत्पादन कार्य किये जाते हैं। परिवार के सदस्यों की आवश्यकता की पूर्ति करने के लिए परिवार उपभोग वस्तुओं, जैसे-भोजन, कपड़ा, मकान, फर्नीचर, बिजली आदि पर खर्च करते हैं। इसी प्रकार सरकार लोगों को मुफ्त सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु उत्पादन इकाइयों से वस्तुएँ व सेवाएँ खरीदती है। सरकार जनता की सुविधा के लिए अस्पतालों, स्कूलों, कॉलिजों, पुलिस, सेना, विधानमण्डलों व अन्य सेवाओं पर व्यय करती है। उत्पादन इकाई की पूंजीगत परिसंपत्ति में वृद्धि लाने वाला व्यय निवेश कहलाता है। निवेश का कार्य उत्पादन इकाइयाँ ही करती हैं।

अर्थव्यवस्था के दो भेद है–बंद अर्थव्यवस्था व खुली अर्थव्यवस्था। ऐसी अर्थव्यवस्था जिसके आर्थिक संबंध शेष विश्व के साथ नहीं होते, बंद अर्थव्यवस्था (Closed Economy) कहलाती है। ऐसी अर्थव्यवस्था जिसके आर्थिक संबंध शेष विश्व के साथ होते हैं, खुली अर्थव्यवस्था (Open economy) कहलाती है। भारत एक खुली अर्थव्यवस्था वाला देश है क्योंकि इसकी आर्थिक गतिविधियाँ विश्व के अन्य देशों के साथ होती हैं। वर्तमान में सभी अर्थव्यवस्थाएं खुली अर्थव्यवस्थाएँ हैं।

#### राष्ट्रीय आय का अर्थ

देश की राष्ट्रीय आय का संबंध उस देश में रहने वाले निवासियों की आय से है। कोई भी व्यक्ति किसी देश का निवासी तब माना जाता है, जब उसकी आर्थिक क्रियाएँ उसी देश में हों अर्थात वह उसी देश में ही रहता है, कमाता है, खर्च करता है तथा जमा करता है, तो वह उस देश का निवासी कहा जाएगा।

www.neerajbooks.com



यह आवश्यक नहीं है कि किसी देश का नागरिक वहाँ का निवासी भी हो अर्थात कोई भी व्यक्ति जिसकी आर्थिक रुचि उस देश में है, वह वहां का निवासी होगा। अनिवासी भारतीय (Non Resident Indian या NRI) से तात्पर्य उस व्यक्ति से है जो व्यक्ति भारत का नागरिक तो है, किन्तु वह निवासी उस देश का है, जिसमें उसकी आर्थिक रुचि है। उत्पादन के चार साधन है–भूमि, श्रम, पूंजी तथा साहस, जिनकी सहायता से उत्पादन किया जाता है। सेवाओं के बदले पारिश्रमिक, लगान, ब्याज या लाभ के रूप में भुगतान किया जाता है। किसी देश के निवासियों द्वारा प्राप्त इन साधन आयों के योग को उस देश की राष्ट्रीय कहा जाता है। इसे साधन लागत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (Net National Product at Factor Cost; $NNP_{FC}$) कहते हैं। राष्ट्रीय आय के विषय में सूचना प्राप्त करने के तीन दृष्टिकोण हैं–उत्पादन, आय वितरण तथा व्यय। इन तीनों दृष्टिकोणों का उद्देश्य राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाना है, फिर भी प्रत्येक दृष्टिकोण अर्थव्यवस्था के ढाँचे के विषय में अलग-अलग सूचना देता है। उत्पादन दृष्टिकोण विभिन्न उत्पादन इकाइयों का राष्ट्रीय आय में योगदान बताता है। आय वितरण विधि द्वारा आय का साधन स्वामियों के विभिन्न वर्गों के मध्य आय के वितरण का पता चलता है तथा व्यय विधि द्वारा यह पता चलता है कि उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं पर कितना व्यय किया गया है अर्थात उपभोग पर कितना व्यय हुआ तथा निवेश पर कितना व्यय हुआ। उपभोग व्यय को सरकारी व्यय और निजी व्यय में बाँटा जाता है। निवेश व्यय को देशी और विदेशी निवेश में बाँटा जाता है।

## एक अर्थव्यवस्था के बारे में वे प्रश्न जिनमें हमारी रुचि है

एक आम व्यक्ति अर्थव्यवस्था के विषय में बहुत कुछ जानने का इच्छुक होता है, जिसका ज्ञान उसे आंकड़ों की सहायता से ही प्राप्त होता हैं। ये प्रश्न हैं–

**क्या अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही है?** स्थिर किमतों पर राष्ट्रीय आय में वृद्धि की दर को आर्थिक संवृद्धि की दर कहा जाता है। उदाहरण के लिए, वर्ष 1995 एवं 1996 में स्थिर कीमतों राष्ट्रीय आय क्रमशः 1000 करोड़ रुपये एवं 1060 करोड़ रुपये है। इसका तात्पर्य है कि वर्ष 1996 के दौरान स्थिर कीमतों पर राष्ट्रीय आय में 60 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इन आँकड़ों के द्वारा संवृद्धि दर की गणना इस प्रकार की जाएगी–

$$\text{संवृद्धि की दर} = \frac{\text{वर्ष के दौरान स्थिर किमतों पर राष्ट्रीय आय में परिवर्तन}}{\text{पिछले वर्ष स्थिर कीमतों पर राष्ट्रीय आय}} \times 100$$

$$= \frac{60}{100} \times 100$$

इस प्रकार संवृद्धि दर 6% है।

**क्या अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्र आगे बढ़ रहे हैं?** अर्थव्यवस्था को हम व्यवसायों के आधार पर तीन क्षेत्रों में बाँट सकते हैं–प्राथमिक क्षेत्र, जिसमें प्रकृति प्रदत्त साधनों का उत्पादन किया जाता है, जैसे–खेती, पशुपालन, मछली पकड़ना आदि। द्वितीयक क्षेत्र जिसमें कच्चे माल के द्वारा उपयोग की वस्तुओं का उत्पादन किया जाता है, जैसे–साइकिल, स्कूटर, फ्रिज, टेलीविजन आदि का उत्पादन करना। इन वस्तुओं का उत्पादन कारखानों या मिलों में होता है। तृतीयक क्षेत्र, जिसमें सेवा सुविधाएँ दी जाती हैं, जैसे–बैंक, परिवहन, दुकानें, बीमा, सरकारी विभाग, घरेलू नौकर आदि। ये तीनों क्षेत्र एक-दूसरे से संबंधित हैं। यदि किसी एक क्षेत्र में गिरावट आती है, तो उसका असर दूसरे क्षेत्र पर भी पड़ता है। उदाहरणतः यदि कृषि उत्पादन में कमी आती है तो द्वितीयक क्षेत्र को कच्चा माल पूरा नहीं मिलता, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादन कम होगा और सेवाओं की मांग भी कम रहेगी। इसी प्रकार यदि द्वितीयक क्षेत्र का उत्पादन कम रहता है, तो प्राथमिक क्षेत्र के प्रदर्शन पर बुरा प्रभाव पड़ेगा क्योंकि कच्चे माल की मांग कम होगी। इस प्रकार अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी के लिए इसके सभी भागों का एक साथ आगे बढ़ना जरूरी है।

**क्या लोगों को अधिक वस्तुएँ और सेवाएँ प्राप्त हो रही हैं?** लोगों को अधिक वस्तुएँ प्राप्त हो रही हैं या नहीं, इसका पता हमें प्रति व्यक्ति आय से चलता है। स्थिर किमतों पर कुल राष्ट्रीय आय को कुल जनसंख्या से भाग देने पर प्रति व्यक्ति आय का पता चलता है।

$$\text{प्रति व्यक्ति आय} = \frac{\text{राष्ट्रीय आय (स्थिर कीमतों पर)}}{\text{जनसंख्या}}$$

यदि प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होती है, तो इसका अर्थ है कि लोगों को औसतन अधिक वस्तुएँ और सेवाएं मिल रही हैं। यह किसी भी सरकार के लिए एक बेहतर कोशिश होती है।

किंतु यह आवश्यक नहीं है कि सदैव राष्ट्रीय आय बढ़ने पर प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होगी। यदि राष्ट्रीय आय में वृद्धि की दर की अपेक्षा जनसंख्या वृद्धि की दर अधिक हो, तो व्यक्ति आय में गिरावट आती है।

**क्या विकास का लाभ जनता के सभी वर्गों को मिल रहा है?** यह आवश्यक नहीं है कि राष्ट्रीय आय में वृद्धि से समाज के सभी वर्गों को लाभ होगा। समाज में आय का वितरण असमान होने के कारण अधिकतर ग्रामीण क्षेत्र राष्ट्रीय आय में वृद्धि होने के बाद भी इसका लाभ नहीं उठा पाते हैं, जो सरकार तथा लोगों के लिए चिंता का विषय है। हर सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह इस बात का ध्यान रखे कि कुल राष्ट्रीय आय का श्रमिक वर्ग को कितना हिस्सा मिल रहा है। यदि वह वर्ग उचित हिस्से से वंचित रहता है तो इससे देश में राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक समस्याएँ पैदा होने का डर रहता है, इसलिए सरकार को इस समस्या से बचने के लिए उचित उपाय करने चाहिए, जैसे–न्यूनतम मजदूरी की दर बढ़ाना, करों में छूट देना आदि।

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



**क्या लोगों के जीवन-स्तर में सुधार हो रहा है?** लोगों का जीवन स्तर सुधरना एक सुखद स्थिति है अर्थात यदि परिवार अपनी आवश्यकताओं व इच्छाओं की पूर्ति कर रहा है, तो इसका अर्थ है कि उसका जीवन स्तर सुधर रहा है, जो हर सरकार चाहती है। जीवन स्तर का माप ज्ञात करने के लिए हम देश के कुल उपभोग व्यय को देश की कुल जनसंख्या से भाग देकर प्राप्त कर सकते हैं। विभिन्न वर्षों में प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय का तुलनात्मक अध्ययन करके हम पता लगा सकते हैं कि लोगों के औसत जीवन स्तर में किस दर से सुधार हो रहा है। व्यय विधि द्वारा राष्ट्रीय आय मापने के लिए देश के कुल व्यय को उपभोग तथा निवेश व्ययों में बाँटा जाता है। निजी उपभोग व्यय परिवारों द्वारा किया जाता है तथा सरकारी उपभोग व्यय लोगों को मुफ्त सेवाएँ प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा किया जाता है। ये दोनों व्यय लोगों के जीवन स्तर को प्रभावित करते हैं। विभिन्न वर्गों के जीवन स्तर का अनुमान हम उपभोग व्ययों के आँकड़ों से लगा सकते हैं।

**अर्थव्यवस्था का भविष्य क्या है?** अतिरिक्त आमदनी के लिए निवेश किया जाता है। निवेश जितना अधिक होगा, उतना ही अधिक उत्पादन होगा और जीवन स्तर में सुधार होगा। देश के आर्थिक क्षेत्र में किया गया निवेश देशी पूँजी निर्माण कहलाता है। देश के बाहर किया गया निवेश शुद्ध निर्यात अर्थात निर्यात – आयात के रूप में मापा जाता है। ये दोनों प्रकार के निवेश यह तय करते है कि समाज का भविष्य क्या होगा।

**एक अर्थव्यवस्था कितनी अमीर या गरीब है?** अपनी अर्थव्यवस्था की स्थिति जानने के लिए अपने देश की राष्ट्रीय आय का अन्य देशों की राष्ट्रीय आय से तुलनात्मक अध्ययन किया जा सकता है, जिससे पता चलता है कि हमारा देश कितना अमीर या गरीब है। हम केवल आय स्तर का तुलनात्मक अध्ययन ही नहीं बल्कि उपभोग व्ययों, निवेशों, सरकारी व्ययों आदि का तुलनात्मक अध्ययन भी आँकड़ों की सहायता से कर सकते हैं। विश्व के संदर्भ में भी विभिन्न देशों के राष्ट्रीय आय के आँकड़े काफी उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। मान लीजिए किसी अन्तर्राष्ट्रीय परियोजना का कार्य कई देश मिलकर करते हैं, तो इस परियोजना पर होने वाले व्यय को राष्ट्रीय आय के आधार पर ही बांटा जाएगा।

**क्या सरकार कल्याणकारी कार्यों पर काफी व्यय कर रही है?** हर सरकार का सर्वप्रथम कार्य है कि वह देश की कानून व्यवस्था को बनाए रखे। देश की विदेशी हमलों से रक्षा करे, लोगों को सभी आधारभूत आवश्यकताओं; जैसे-पानी, शिक्षा, चिकित्सा, सड़कें आदि प्रदान करे। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सरकार पुलिस, अदालतों, सेना, सफाई, शिक्षा, सड़कों, अस्पतालों आदि पर व्यय करती है। इससे राष्ट्रीय आय मापने की व्यय विधि में आँकड़े प्राप्त होते हैं। यह मद सरकारी अंतिम उपभोग व्यय है।

**निधि का आबंटन किस प्रकार हों?** निधि का आबंटन किस प्रकार किया जाना चाहिए, यह एक कठिन कार्य है। इसका निर्णय बहुत सोच-विचारकर लेना होता है, क्योंकि किसी एक क्षेत्र का उत्पादन दूसरे देश को प्रभावित करता है। इसलिए निधि विनिधान करते समय यह जानना अनिवार्य है कि *(i)* औद्योगिक क्षेत्र किससे आगतें खरीदता है तथा *(ii)* अपना उत्पादन किन्हें बेचता है। अर्थव्यवस्था के विषय में ऐसी सूचना आगत-निर्गत लेखा मैट्रिक्स (Input-output Accounting Matrix) से मिलती है। विभिन्न विधियों द्वारा राष्ट्रीय का अनुमान लगाने की प्रक्रिया द्वारा उपलब्ध आँकडों से ये मैट्रिक्स तैयार किए जाते हैं। इनकी सहायता से विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के उत्पादन फलनों (Production Functions) के विषय में जानकारी मिलती है, जिसके आधार पर योजना आयोग या अन्य सरकारी विभाग निधि-विनिधान कर सकते हैं।

## बोध-प्रश्न

**प्रश्न 1. एक निवासी का अर्थ बताइए।**

**उत्तर**–किसी देश का निवासी वह व्यक्ति होगा जिसकी आर्थिक रुचि उस देश में होगी अर्थात वह उसी देश में रहता है, कमाता है, खर्च करता है तथा जमा करता है। यह आवश्यक नहीं है कि एक देश का निवासी वहीं का नागरिक हो। यदि किसी देश का नागरिक दूसरे देश में अपनी आर्थिक रुचि रखता है।

**प्रश्न 2. उत्पादन के चार साधन और उनके दिये जाने वाले साधन भुगतानों के नाम बताइए।**

**उत्तर**–उत्पादन के चार साधन है-भूमि (प्राकृतिक संसाधन), श्रम (मानव संसाधन), पूँजी (मानव निर्मित संसाधन) तथा साहस। इन सभी संसाधनों की सहायता से उत्पादन इकाइयाँ उत्पादन करती हैं तथा बदले में भुगतान करती हैं। भूमि पर लगान (Rent) दिया जाता है। श्रम को मजदूरी या वेतन (Wages and Salary), पूँजी पर ब्याज (Interest) दिया जाता है तथा साहस के बदले लाभ (Profit) प्राप्त होता है।

**प्रश्न 3. राष्ट्रीय आय को मापने की व्यय विधि से हमें क्या पता चलता है?**

**उत्तर**–साधन आय उत्पादों के साधनों के स्वामियों द्वारा अर्जित आय हैं, जैसे-वे उत्पादन इकाइयों से वस्तुएँ एवं सेवाएँ खरीदने पर व्यय करते हैं, जिससे हमें पता चलता है कि उत्पादित वस्तुओं को खरीदने वाले उपभोक्ता कौन हैं तथा वे इस पर कितना खर्च करते हैं। इसके अतिरिक्त कितनी राशि निवेश पर खर्च की जाती है।

**प्रश्न 4. हमें कैसे पता चलता है कि लोगों को प्रतिवर्ष औसतन अधिक वस्तुएँ और सेवाएँ प्राप्त हो रही हैं?**

**उत्तर**–व्यक्ति जो आय अर्जित करते हैं, उसे वस्तुओं तथा सेवाओं पर व्यय करते हैं। लोगों को औसतन अधिक वस्तुएँ तथा सेवाएँ प्राप्त हो रही हैं या नहीं, इसका पता स्थिर कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय से चलता है। कुल जनसंख्या से कुल

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



राष्ट्रीय आय (स्थिर कीमतों पर) को विभाजित करने पर प्रति व्यक्ति आय प्राप्त होती है।

$$\text{प्रति व्यक्ति आय} = \frac{\text{राष्ट्रीय आय (स्थिर कीमतों पर)}}{\text{जनसंख्या}}$$

प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि इस बात का सूचक है कि लोगों को औसतन अधिक वस्तुएँ तथा सेवाएँ मिल रही हैं, किंतु कभी-कभी इसके विपरीत भी हो सकता है अर्थात आय में बढ़ोतरी तो होती है, किंतु प्रति व्यक्ति आय बढ़ने के स्थान पर गिर जाती है। ऐसी स्थिति तब होती है जब जनसंख्या में वृद्धि की दर राष्ट्रीय आय में वृद्धि की दर से अधिक हो।

**प्रश्न 5. राष्ट्रीय आय के आँकड़ों से आपको कैसे पता चलता है कि सरकार लोगों के कल्याण पर काफी खर्च कर रही है या नहीं?**

**उत्तर**–हर सरकार अपनी अर्थव्यवस्था को सही ढंग से चलाने के लिए वहां सुरक्षा-व्यवस्था व कानून व्यवस्था को बनाए रखना चाहती है। सरकार इसके लिए काफी व्यय करती है, जैसे–देश की बाहरी हमलों से रक्षा करना, लोगों को पानी, शिक्षा, चिकित्सा, सड़क आदि मूल सुविधाएँ प्रदान करना। वह अदालतों, सेना, सफाई, सड़कों, अस्पतालों आदि पर भी व्यय करती है। सरकार द्वारा किया गया यह व्यय सरकारी अंतिम उपभोग व्यय कहलाता है। व्यय विधि द्वारा राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाने पर इसके आँकड़े प्राप्त होते हैं तथा इनके आधार पर ही हमें पता चलता है कि कोई सरकार लोगों के कल्याण पर कितना खर्च कर रही है।

**प्रश्न 6. विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के बीच निधि-विनिधान में राष्ट्रीय आय के आँकड़े किस प्रकार से सहायक हो सकते हैं?**

**उत्तर**–किस क्षेत्र पर कितनी राशि खर्च की जाये, इस बात का निर्णय लेना सरकार के लिए एक कठिन कार्य है। निधि-विनिधान करने से पूर्व किसी भी सरकार को यह जानना आवश्यक है कि *(i)* औद्योगिक क्षेत्र किससे आगतें खरीदता है, *(ii)* अपना उत्पादित माल किस-किस को बेचता है। इसकी जानकारी आगत-निर्गत लेखा मैट्रिक्स (Input Output Accounting Matrix) के द्वारा मिलती है। ये मैट्रिक्स उन आँकड़ों की सहायता से तैयार किये जाते हैं, जो राष्ट्रीय आय का आकलन करने की प्रक्रिया के दौरान एकत्रित किये जाते हैं। इनसे अर्थव्यवस्था के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र के उत्पादन फलनों के विषय में जानकारी प्राप्त होती है तथा इसी के आधार पर योजना या अन्य सरकारी विभाग निधि-विनिधान करने में सक्षम होते हैं।

■ ■

Neeraj Publications
www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com